M.P. PROFESSIONAL EXAMINATION BOARD, BHOPAL
"CHAYAN BHAWAN", MAIN ROAD NO-1, CHINAR PARK(EAST), BHOPAL-46201
E-Mail : vyapam@mp.nic.in, Website : www.vyapam.nic.in Phone: (0755) 2578801-04 Fax: 0755-2550498

# RESULT OF PAHUNT-2013

## (PRE-AYURVED, HOMEOPATHY, UNANI & NATUROPATHY-YOGA TEST-2013)

Courses :

B.A.M.S., B.H.M.S., B.U.M.S. & B.N.Y.S.

| | | |
|---|---|---|
| DATE OF TEST | - | 16TH JUNE 2013 |
| DATE OF RESULT | - | 05TH JULY 2013 |

RESULT IS AVAILABLE ON WEBSITE : **www.vyapam.nic.in**

# मध्यप्रदेश व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, भोपाल
## पी.ए.एच.यू.एन.टी.–2013 का परीक्षा परिणाम

मध्यप्रदेश व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, भोपाल द्वारा दिनांक 16/06/2013 (रविवार) को प्रदेश के भोपाल, ग्वालियर, इंदौर व जबलपुर शहरों में प्री–आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी एवं नेच्यूरोपैथी–योगा टेस्ट (पी.ए.एच.यू.एन.टी.)–2013 प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया था। इस परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थियों की प्रमुख जानकारी एवं परीक्षा परिणाम के प्रमुख बिन्दु निम्नानुसार हैः–

1. इस प्रवेश परीक्षा के माध्यम से मध्यप्रदेश राज्य के शासकीय (स्वशासी)/निजी क्षेत्र के आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी महाविद्यालयों तथा निजी क्षेत्र के प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग महाविद्यालयों में स्नातक पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में निर्धारित सीट्स पर प्रवेश दिए जायेंगे।

2. इस परीक्षा के लिए ऑनलाईन के माध्यम से प्राप्त कुल **10,689** मान्य आवेदन पत्रों में से परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों की कुल संख्या **8,842** थी। परीक्षा में सम्मिलित कुल अभ्यर्थियों में से अनुसूचित जाति के **1,595**, अनुसूचित जनजाति के **1,239** तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के **3,563** अभ्यर्थी एवं सभी श्रेणियों की कुल महिला अभ्यर्थियों की संख्या **4,020** थी।

3. इस परीक्षा में **इन्दौर** परीक्षा शहर की **कु. माधुरी आर्य** आत्मजा **श्री शंकर लाल आर्य** ने कुलांक **200** में से **172.00** अंक प्राप्त कर प्रावीण्य सूची में **प्रथम स्थान** प्राप्त किया है। **प्रावीण्य सूची में प्रथम दस स्थान प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों का विवरण निम्नानुसार है :–**

| मेरिट क्र. | रोल नं. | नाम/पिता का नाम | श्रेणी | लिंग | प्राप्तांक 200 में से | परीक्षा शहर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 306885 | MADHURI ARYA<br>SHANKAR LAL ARYA | OBC | F | 172.00 | INDORE |
| 2 | 303480 | EKTA BANSAL<br>PREM CHAND BANSAL | UR | F | 171.00 | GWALIOR |
| 3 | 303858 | RAM PRATAP VISHWAKARMA<br>LALLA RAM VISHWAKARMA | OBC | M | 170.00 | GWALIOR |
| 4 | 304819 | JAGDISH GEHLOT<br>RAMDAYAL GEHLOT | OBC | M | 169.00 | INDORE |
| 5 | 303728 | ANKITA GUPTA<br>H.K. GUPTA | UR | F | 169.00 | GWALIOR |
| 6 | 307905 | BRIJESH KUMAR SHAH<br>SHANKH LAL SHAH | OBC | M | 164.00 | INDORE |
| 7 | 307251 | GHANSHYAM PATIDAR<br>DEVELAL JI PATIDAR | OBC | M | 163.00 | INDORE |
| 8 | 307287 | MARIYA SABIR<br>SHUJAUDDIN SABIR | UR | F | 163.00 | INDORE |
| 9 | 306482 | SUYASH BAKLIWAL<br>SHANTI KUMAR BAKLIWAL | UR | M | 163.00 | INDORE |
| 10 | 306103 | ARVIND JAISWAL<br>TARACHAND JAISWAL | OBC | M | 163.00 | INDORE |

4. परीक्षा उपरांत मंडल द्वारा दिनांक 17.06.2013 को आदर्श उत्तर वेबसाईट पर अपलोड किये गए थे, जिस पर दिनांक 24.06.2013 तक अभ्यर्थियों से अभ्यावेदन आमंत्रित किये गये थे, जिसमें किसी भी अभ्यर्थी से अभ्यावेदन प्राप्त न होने के कारण आदर्श उत्तरों को ही अंतिम उत्तर मान्य किया गया है।

5. नियमपुस्तिका के अध्याय–2 के नियम क्रं. 2.18(1) एवं 2.18(2) के अनुसार ''अंतिम उत्तर'' तथा ''परीक्षा परिणाम'' मध्यप्रदेश व्यावसायिक परीक्षा मंडल की वेबसाईट www.vyapam.nic.in पर प्रदर्शित किए गए हैं। इस वेबसाईट से अभ्यर्थी परीक्षा परिणाम डाउनलोड/ मुद्रित कर सकते हैं। परीक्षा परिणाम का डाक या अन्य माध्यम से प्रेषण नहीं किया जायेगा।

6. नियमपुस्तिका के नियम क्रं. 8.4 के अनुसार शासकीय स्वशासी महाविद्यालयों में प्रवेश हेतु मध्यप्रदेश के मूल निवासी अभ्यर्थियों को सम्मिलित कर प्रवर्गवार संयुक्त प्रावीण्य सूची तथा निजी क्षेत्र के महाविद्यालयों में प्रवेश हेतु मध्यप्रदेश व मध्यप्रदेश से बाहर के समस्त अभ्यर्थियों को सम्मिलित कर संयुक्त प्रावीण्य सूची तैयार की गई है।

7. कुल आवेदक एवं परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थियों की शहरवार व श्रेणीवार जानकारी क्रमशः तालिका 1 व 2 में दी गई है।

**तालिका–1**

**कुल आवेदक एवं परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थियों की शहरवार जानकारी**

| क्रं. | शहर का नाम | कुल मान्य आवेदक | | योग | परीक्षा में सम्मिलित आवेदक | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | छात्र | छात्रा | | छात्र | छात्रा | |
| 1 | भोपाल | 1,561 | 1,434 | 2,995 | 1,291 | 1,152 | 2,443 |
| 2 | ग्वालियर | 606 | 532 | 1,138 | 484 | 418 | 902 |
| 3 | इन्दौर | 2,724 | 1,873 | 4,597 | 2,321 | 1,615 | 3,936 |
| 4 | जबलपुर | 907 | 1,052 | 1,959 | 726 | 835 | 1,561 |
| | **योग :–** | **5,798** | **4,891** | **10,689** | **4,822** | **4,020** | **8,842** |

**तालिका–2**

**कुल आवेदक एवं परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थियों की श्रेणीवार जानकारी**

| क्रं. | श्रेणी का नाम | कुल मान्य आवेदक | | योग | परीक्षा में सम्मिलित आवेदक | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | छात्र | छात्रा | | छात्र | छात्रा | |
| 1 | अनारक्षित | 1,464 | 1,532 | 2,996 | 1,203 | 1,242 | 2,445 |
| 2 | अनुसूचित जाति | 1,048 | 917 | 1,965 | 859 | 736 | 1,595 |
| 3 | अनुसूचित जनजाति | 845 | 721 | 1,566 | 683 | 556 | 1,239 |
| 4 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 2,441 | 1,721 | 4,162 | 2,077 | 1,486 | 3,563 |
| | **महायोग :–** | **5,798** | **4,891** | **10,689** | **4,822** | **4,020** | **8,842** |

8. यह परीक्षा परिणाम अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन–पत्र में उनके द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर बनाया गया है। अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन–पत्र में दी गई समस्त जानकारियों तथा अभ्यर्थियों के समस्त मूल दस्तावेजों का सत्यापन/परीक्षण प्रवेश के पूर्व संबंधित विभाग/काउंसलिंग समिति द्वारा किया जायेगा। तदोपरांत ही प्रवेश संबंधी कार्यवाही की जायेगी।

9. इस परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के लिए नियमानुसार काउंसलिंग के माध्यम से प्रवेश की कार्यवाही की जावेगी। काउंसलिंग के कार्यक्रम की जानकारी सक्षम प्राधिकारी/संबंधित विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जायेगी अथवा उनकी वेबसाईट पर उपलब्ध की जावेगी।

**(अध्यक्ष महोदय द्वारा अनुमोदित)**

भोपाल,

दिनांक : 05/07/2013

05.07.13

**( डॉ. पंकज त्रिवेदी )**

**नियंत्रक**

म.प्र. व्यावसायिक परीक्षा मण्डल

भोपाल